19

बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग
(आई.सी.डी.एस. निदेशालय)

## प्रेस नोट

समेकित बाल विकास सेवाएँ (आई0सी0डी0एस0) अंतर्गत छः वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं आदि को आँगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पूरक पोषाहार, स्कूल पूर्व शिक्षा, स्वास्थ्य जाँच, संदर्भ सेवाएँ, प्रतिरक्षीकरण एवं पोषाहार–स्वास्थ्य शिक्षा उपलब्ध करायी जाती है। राज्य अंतर्गत संचालित आँगनवाड़ी केन्द्रों के सफल संचालन हेतु सेविका/सहायिका का चयन किये जाने हेतु आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन मार्गदर्शिका– 2022 प्रभावी है।

आँगनवाडी सेविका/सहायिका चयन मार्गदर्शिका–2026 की स्वीकृति मंत्रिपरिषद द्वारा दिये जाने से राज्य में कुल 6141 सेविका एवं 16750 सहायिका अर्थात कुल 22891 रिक्त पदों पर शीघ्र चयन किया जा सकेगा।

नई मार्गदर्शिका के द्वारा राज्य में 22891 रिक्त पद भरे जा सकेंगे एवं पोषक क्षेत्र के बाहुल्य वर्ग की महिलाओं का चयन सेविका/सहायिका के रूप में करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

(एच.आर.श्रीनिवास)
अपर मुख्य सचिव
समाज कल्याण विभाग